


# "नई उम्मीदें, नई योजनाएं,
## नए प्रयास, ईमानदार प्रतिबद्धता और नए दृष्टिकोण के साथ निरंतर अग्रसर"



**श्रीमती अनामिका**
महापौर, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम,
निगम पार्षद, हरि नगर वार्ड न० - 097(एस)







# दक्षिणी दिल्ली नगर निगम

# कोरोना नियंत्रण के लिए किए गए सराहनीय प्रयास






डिफेंस कोलॉनी में कोविड वैक्सिनेशन सेंटर में कोरोना वैक्सिन के ड्राई रन का निरीक्षण।





महापौर द्वारा मृतक कोरोना योद्धाओं के आश्रितों को 10 लाख रुपये का चैक और नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।




कोरोना नियंत्रण के लिए किये गए कार्यों एवं प्रयासों पर बनी पुस्तिका का विमोचन।



भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता द्वारा एंड्रयूजगंज प्राथमिक विद्यालय में पहले 30 बिस्तरों वाले आईसोलेशन सेंटर का उद्घाटन।





भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता द्वारा आयुर्वेदिक औषधियों व पंचकर्मा पद्धति की प्रदर्शनी का उद्घाटन।



आयुष दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ, कोरोना काल में आयुष विभाग द्वारा 1.5 लाख से अधिक नागरिकों को रोग प्रतिरोधक क्षमता वाली दवाईयों और काढ़े का वितरण किया गया।






आकर्षक वॉल पेटिंग के माध्यम से कोविड–19 के प्रति
जागरूकता अभियान।




दक्षिणी निगम के लगभग तीन लाख विद्यार्थियों को राशन किट वितरण योजना की शुरुआत। कोराना काल में निगम विद्यार्थियों को मिड डे मील की जगह राशन किट प्रदान की जा रही है।





केन्द्रीय उर्जा मंत्री श्री आर. के सिंह ने वीडियो कॉनफ्रेंसिगं द्वारा ग्रीन पार्क में पहली पूर्ण स्वचालित कार पार्किगं का उद्घाटन किया।




निगम द्वारा सौर उर्जा से उत्पादित अतिरिक्त बिजली बी.एस.ई.एस. कम्पनी को देकर 3 करोड़ 72 लाख रूपये की राशि अर्जित की गयी। भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता की उपस्थिति में बी.एस.ई.एस. ने 3 करोड़ 72 लाख रूपये का चैक सौंपा।






मध्य जोन में प्रधानमंत्री स्व–निधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स के लिए आयोजित लोन मेले का उद्घघाटन और हरि नगर वार्ड में आयोजित शिविर का निरीक्षण।




ओखला में वेस्ट टू वैल्थ प्लांट स्थापित करने के लिए इंडियन ऑयल और एन.टी.पी.सी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए।




डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया के नियंत्रण के लिए चलाया गया महाअभियान, प्रचार के लिए 104 ऑटो को हरी झंडी दिखाकर महाअभियान की शुरूआत की।



मच्छरजनित बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए भव्य प्रदर्शनी का आयोजन।




कोरोना काल में प्रथम ऑनलाइन मेगा पी.टी.एम. का आयोजन।




एस.एस.ए. स्कीम के तहत् कार्यरत् अध्यापकों की अनुबन्ध अवधि बढ़ाई जाने पर अध्यापक महापौर जी को धन्यवाद करते हुए।





महापौर द्वारा निगम की महत्वाकांक्षी परियोजना 'भारत दर्शन पार्क' का निरीक्षण।




निगम की अनूठी पहल, मध्य जोन में नागरिकों को प्लास्टिक
के बदले पौधों का वितरण किया गया।



महापौर द्वारा सफाई सैनिकों के आश्रितों को स्थायी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।



महापौर द्वारा कंपकपाती ठंड में जरूरतमंदो को कम्बल और गर्म कपड़े वितरित किये गये।





महापौर द्वारा आई.टी.ओ. छठ घाट का निरीक्षण एवं सफाई अभियान।



हरि नगर वार्ड में 5 स्थायी व 24 अस्थायी छठ घाटों का निर्माण।

## हरि नगर वार्ड में सभी सड़कों को पक्का कराया गया, 65 पुलियों का निर्माण

# जैतपुर में सड़क व पुलिया निर्माण कार्य का उद्घाटन

- पूर्व विधायक रामबीर सिंह बिधूड़ी ने हरिनगर गांव में किया उद्घाटन
- दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की ओर से कराया जा रहा है काम

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली: बदरपुर इलाके के हरिनगर वार्ड में विकास कार्यों की शुरुआत हो गई है। पूर्व विधायक रामबीर सिंह बिधूड़ी ने हरिनगर गांव की गलियों में सड़क व हरिनगर भाग-2 में टूटी हुई पुलियों के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया है। यह काम दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की ओर से कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर बिधूड़ी ने कहा कि निगम आने वाले दिनों में स्थानीय लोगों के कल्याण के लिए और कई विकास कार्य शुरू करेगा।

उन्होंने कहा कि सालों तक उन्होंने क्षेत्र के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के दौरान न तो किसी का घर टूटने दिया और न दुकान सील होने दी। आज आम आदमी पार्टी की सरकार एक तरफ सीलिंग करवा रही है और दूसरी तरफ सीएम अरविंद केजरीवाल घड़ियाली आंसू बहाकर जनता का हितैषी होने का ढोंग कर रहे हैं।



सड़क व पुलिया निर्माण कार्यों का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित करते पूर्व विधायक रामबीर सिंह बिधूड़ी • जागरण

वहीं, स्थानीय निगम पार्षद व एसडीएमसी की स्थायी समिति की सदस्य अनामिका सिंह ने कहा कि वह एसडीएमसी की सभी अनधिकृत कॉलोनियों की महिलाओं के अधिकार की लड़ाई लड़ रही हैं। आगे भी इसे जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं स्वच्छ भारत अभियान में निगम का सहयोग करें और डस्टबिन में ही कूड़ा डालें। इससे जल्द ही निगम का काम और बेहतर होगा। इस दौरान भाजपा के दक्षिणी दिल्ली के पूर्व जिलाध्यक्ष मिथिलेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, धीरेंद्र शर्मा, भूपेंद्र सिंह, उमेश चौकन, विनोद भाटी आदि मौजूद रहे।

# 15 दिन में तैयार हुआ मीठापुर चौक

## महापौर और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली**, 13 सितम्बर (देशबन्धु)। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की महापौर अनामिका और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राम वीर सिंह बिधूड़ी ने रविवार को बदरपुर क्षेत्र में मीठापुर चौक का उद्घाटन किया। इस अवसर अनामिका ने नेता प्रतिपक्ष श्री बिधूड़ी और निगम अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस चौक का निर्माण कार्य रिकॉर्ड 15 दिन के भीतर पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि दक्षिणी निगम ने फंड की कमी के बावजूद मीठापुर गोल चक्कर का निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा कर



जनता को समर्पित किया।इस अवसर पर स्थानीय पार्षद श्वीरेंद्री अवाना, संपत्तिकर कमेटी के अध्यक्ष के के शुक्ला और निगम के अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पिछले लंबे समय से रुका हुआ था जिसे दोबारा से शुरू करवाया गया है। बदरपुर विधानसभा में 5 लाख से अधिक की आबादी है और हजारों लोग अपने दैनिक कार्यों के लिए इस चौक का इस्तेमाल करते हैं जिसकी वजह से लोगों को सुबह-सुबह घंटों ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ता था। यहां पर भीषण जाम लगने से ना सिर्फ लोगों के समय की बर्बादी होती थी बल्कि जर्जर स्थिति में सड़क की वजह से वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ती थी। इस मीठापुर चौक निर्माण कार्य से बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के लाखों निवासियों को लाभ पहुंचेगा।

# 'तीनों निगमों को पंगु बना रही दिल्ली सरकार'



अनामिका सिंह ● सौजन्यः स्वयं

**जासं, दक्षिणी दिल्लीः** निगम के 13 हजार करोड़ रुपये की मांग को लेकर दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की महापौर अनामिका सिंह ने हरिनगर वार्ड में हस्ताक्षर और जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती है यह संघर्ष जारी रहेगा।

दैनिक जागरण से बातचीत में उन्होंने कहा कि दिल्ली में मुख्यमंत्री तीनों निगमों को पंगु बना रहे हैं। निगम का फंड रोककर दिल्ली की जनता के साथ विश्वासघात किया जा रहा है। फंड न मिल पाने के चलते डाक्टर, नर्स, स्कूल कर्मचारी, पेंशनर और सफाई कर्मचारियों को वेतन भुगतान में परेशानी आ रही है, जिससे वे मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित हैं। इस दौरान दक्षिणी जिले के भाजपा के मंत्री, संगीता पुंडीर, निखिल चौधरी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महापौर ने वैक्सीन के पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का किया निरीक्षण



डिफेंस कालोनी में कोरोना वैक्सीन के पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का निरीक्षण करने पहुंची मेयर अनामिका मिथिलेश सिंह ● एसडीएमसी

**जासं, दक्षिणी दिल्ली :** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने कुल 58 कोविड वैक्सीन केंद्र बनाए हैं जहां पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

एसडीएमसी की महापौर अनामिका ने बृहस्पतिवार को डिफेंस कालोनी स्थित मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र में कोरोना वैक्सीन के पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का निरीक्षण कर स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों और डाक्टरों से बातचीत कर तैयारियों का जायजा लिया। महापौर ने बताया कि निगम के सभी केंद्रों पर सभी आक्सीजन सिलेंडर और अन्य जरूरी दवाइयां उपलब्ध होंगी। टीकाकरण के बाद प्रतिकूल असर होने पर इन सुविधाओं का उपयोग किया जा सकेगा। टीके को दो से आठ डिग्री के तापमान पर रखने के लिए फ्रीजर और उसे स्टोर करने की व्यवस्था भी की गई है। ये सब वे प्रस्तावित वैक्सीन केंद्र हैं जिनका मूल्यांकन पूर्वाभ्यास के आधार पर सरकार की ओर से किया जाएगा।

# प्लास्टिक कचरा दो और पौधा लो



नई दिल्ली, 1 जनवरी (नवोदय टाइम्स): दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने एक नई पहल करते हुए एक विशेष कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसके अंतर्गत नागरिकों को प्लास्टिक के बदले पौधे दिए जा रहे हैं। मध्य जोन में शुक्रवार को महापौर अनामिका ने लोगों को प्लास्टिक के बदले पौधे वितरित किए। उन्होंने बताया कि दक्षिणी निगम स्वछता सर्वेक्षण 2021 के मद्देनजर विशेष प्रयास कर रहा है और इन्हीं प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए आज मध्य जोन में 50 लोगों को प्लास्टिक कचरे के बदले पौधे उपलब्ध कराए गए। उन्होंने बताया कि एक किलो प्लास्टिक के बदले में एक पौधा दिया जाएगा। इस पर्यावरण हितैषी कदम से सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को कम कर सकेंगे और और पौधे वितरित कर प्रदूषण घटाने में भी अपना योगदान देंगे।

# धरना खत्म, जारी रहेगा संघर्षः महापौर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली सरकार से दिल्ली नगर निगम को 13 हजार करोड़ रुपए की बकाया राशि देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास के बाहर भूख हड़ताल पर बैठे महापौर व अन्य का अनशन तो टूट गया, लेकिन संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। महापौर जय प्रकाश व अनामिका ने बताया कि 13 दिनों तक लगातार हम अपनी मांगो के लिए संघर्ष करते रहे, आज धरना जरूर समाप्त हुआ है लेकिन यह जन आंदोलन खत्म नहीं होगा। अपनी मांगो के लिए किए जा रहे इस संघर्ष को हम घर-घर तक लेकर जाएंगे और दिल्ली की जनता के सामने मुख्यमंत्री का असली चेहरा सामने लाएंगे। हम इस कड़ाके की ठंड में भूखे प्यासे सड़क पर बैठे रहे परंतु मुख्यमंत्री मानवता के नाते ही एक बार भी बाहर आकर हमारा हाल चाल नहीं पूछा। हमारे निगम नेताओं की तबीयत खराब हो गई लेकिन फिर भी मुख्यमंत्री पर कोई असर नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि जनता और निगम कर्मचारियों की हक़ की लड़ाई हर हाल में हम जीतकर रहेंगे और अपना बकाया 13 हजार करोड़ का फंड लेकर ही रहेंगे।



**तबीयत बिगड़ी शिफ्ट हुए अस्पताल...** सीएम आवास के बाहर भूख हड़ताल पर बैठी दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की महापौर अनामिका की तबीयत शनिवार को बिगड़ने के बाद उन्हें हिन्दू राव अस्पताल मे भर्ती कराया गया। वहीं नॉर्थ एमसीडी के महापौर जय प्रकाश और पूर्वी दिल्ली के उपमहापौर हरी प्रकाश बहादुर के खून मे शुगर की मात्रा कम होने की वजह से तबीयत खराब हो गई जिसके पश्चात उन्हे उत्तरी दिल्ली नगर निगम के डॉक्टरों की देखरेख मे रखा गया है। इससे एक दिन पहले पूर्व महापौर सुनीता कांगड़ा, पूर्वी दिल्ली नगर निगम मे स्वास्थ्य समिति की अध्यक्षा कंचन महेश्वरी और एसडीएमसी मे वार्ड समिति की उपाध्यक्ष माया बिष्ट को अस्पताल मे भर्ती करवाया गया था।

# निगम कर्मियों की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाएंगे : अनामिका सिंह

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली :** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की महापौर अनामिका सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के साथ नगर निगमों के बकाया 13 हजार करोड़ के लिए संघर्ष जारी रहेगा। दैनिक जागरण से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद उन्हें अपना धरना प्रदर्शन खत्म करना पड़ा है, लेकिन इससे सिर्फ धरना खत्म हुआ है संघर्ष नहीं। उन्होंने कहा कि वह राज्य सरकार से जनता और निगम कर्मियों के हक के 13 हजार करोड़ लेकर रहेंगी।



अनामिका सिंह ●

एसडीएमसी महापौर अनामिका सिंह ने कहा कि हमने अपनी मांगों के लिए संघर्ष किया, हमारा धरना जरूर खत्म हुआ है, लेकिन यह जन आंदोलन खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों के लिए किए जा रहे इस संघर्ष को वह घर-घर तक लेकर जाएंगी और दिल्ली की जनता के सामने मुख्यमंत्री का असली चेहरा सामने लाएंगी।

उन्होंने कहा कि हम इस कड़ाके की ठंड में भूखे प्यासे सड़क पर बैठे रहे, लेकिन मुख्यमंत्री ने मानवता के नाते भी एक बार भी बाहर आकर हमारा हाल नहीं पूछा। उन्होंने कहा कि जनता और निगम कर्मचारियों की हक की लड़ाई हर हाल में हम जीतेंगे और अपना बकाया 13 हजार करोड़ का फंड लेकर रहेंगे।

# पुराने गर्म कपड़े जरूरमंदों को दान करने की अपील



**नई दिल्ली।** महापौर अनामिका ने इस कपकपाती ठंड में रात के समय खुले में सोने वाले 500 लोगों को शॉल,स्वेटर और कंबल का वितरण किया। उन्होंने कालिंदी कुंज, लाजपत नगर, साकेत, मालवीय नगर, एम्स अस्पताल के आस पास की सड़कों के किनारे बैठे जरूरतमंदों को गर्म कपड़े बांटे। महापौर अनामिका ने बताया की दिल्ली की कोई भी एनजीओ जरूरतमंदों की सहायता के लिए महापौर कार्यालय में संपर्क कर सकती है। हमारी ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

दैनिक जागरण

# कोरोना योद्धाओं का सम्मान सर्वोपरि : अनामिका सिंह

## महापौर ने निगम के स्वास्थ्य व सफाईकर्मियों को सराहा

- स्कूल की दीवार पर योद्धाओं के सम्मान में बनाई पेंटिंग देखी
- कहा, बकाया 13 हजार करोड़ का फंड लेकर ही रहेंगे

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली :** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की महापौर अनामिका मिथिलेश सिंह ने सोमवार को हरि नगर वार्ड स्थित स्कूल का दौरा किया। उन्होंने यहां कोरोना योद्धाओं को लेकर बनाई गई पेंटिंग देखी। यहां मौजूद निगम के शिक्षकों, सफाईकर्मियों व स्वास्थ्यकर्मियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों ने कोरोना से जंग में योद्धा की तरह कदम से कदम मिलाते हुए साथ दिया है। आप सभी असली कोरोना योद्धा है। दिल्ली सरकार ने निगम के 13 हजार करोड़ रुपये नहीं दिए हैं जिस कारण आप लोगों को समय पर वेतन देने में भी परेशानी हुई, लेकिन हमारे लिए कोरोना योद्धाओं का सम्मान सर्वोपरि है।

महापौर अनामिका ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा निगम के 13 हजार करोड़ रुपये देने की मांग को लेकर 13 दिनों तक चला आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ है।

इस संघर्ष को हम घर-घर लेकर जाएंगे और दिल्ली की जनता के सामने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक-एक विफलता को उजागर करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में भूखे-प्यासे सड़क पर बैठे रहे, लेकिन सीएम ने मानवता के नाते ही एक बार भी बाहर आकर हमारा हालचाल नहीं पूछा। जनता और निगम कर्मचारियों के हक की लड़ाई हर हाल में हम जीतकर रहेंगे और अपना बकाया 13 हजार करोड़ का फंड लेकर ही रहेंगे। उन्होंने निगमकर्मियों से कहा कि आप लोग पूरी मेहनत और लगन से काम कीजिए ताकि राजधानी की जनता को परेशानी न हो।




जैतपुर के हरि नगर में कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बनाई गई पेंटिंग देखती मेयर अनामिका सिंह ● सौजन्य स्वयं

# एसडीएमसी ने बची बिजली बीएसईएस को देकर अर्जित किए 3.72 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने अपने 209 भवनों पर 9.3 मेगावाट सोलर प्लांट की क्षमता के संयंत्रों से सौर ऊर्जा से उत्पादित बची अतिरिक्त बिजली बीएसईएस को देकर 3.72 करोड़ रुपए की बड़ी राशि अर्जित की। सिविक सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में बीएसईएस के अधिकारियों ने महापौर अनामिका, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता और आयुक्त ज्ञानेश भारती को 3.72 करोड़ रुपए की राशि का चैक सौंपा। इस अवसर पर महापौर अनामिका ने बताया कि निगम की 209 भवनों पर 9.3 मेगावाट सोलर प्लांट की क्षमता के संयंत्र स्थापित किए गए है। ये 209 भवन अब अपनी बिजली की आवश्यकता इन सौर संयंत्रों से पूरा कर रहे है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस पर्यावरण हितैषी कदम से दक्षिणी निगम को दोहरा फायदा हुआ है। एक तरफ बिजली की खपत के बिल का भुगतान नहीं करना पड़ा और दूसरी तरफ बिजली बीएसईएस को देकर लाखों रुपए की आमदनी हुई। इसके अलावा साउथ एमसीडी ने कार्बन उत्सर्जन को घटाकर प्रदूषण में कमी लाने में अपना योगदान दिया। निगम आयुक्त ने बताया कि निगम सौर ऊर्जा के दायरे को आगे बढ़ा रहा है और 177 निगम भवनों पर भी सौलर पैनल लगाने का कार्य प्रगति पर है।